# कार में बैठकर आईपीएल क्रिकेट मैच पर लगा रहे थे दांव

- 10 लाख नकद और 5 मोबाइल जब्त
- ऑनलाइन सट्टेबाजी का भंडाफोड़

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले दो युवकों को विजयनगर पुलिस ने एक मॉल के पास से रंगे हाथों पकड़ा है. आरोपी कार में बैठकर मोबाइल के जरिए सट्टेबाजी कर रहे थे. पुलिस ने मौके से करीब 10 लाख रुपए नकद, 5 मोबाइल फोन और एक कार जब्त की है.**

विजयनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि आर्बिट मॉल के पास एक क्रेटा कार में बैठकर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए आरोपियों की पहचान आकाश जिंदल निवासी इंदौर और प्रियांशु जैन निवासी नीमच के रूप में हुई है. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों मोबाइल और ऑनलाइन लिंक के जरिए आईपीएल में गुजरात टाइटंस के मैच पर दांव लगा रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, 5 मोबाइल फोन और करीब 10 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं.







### मोबाइल की जांच कर खंगाला जा रहा पूरा नेटवर्क

मोबाइल की जांच में सट्टेबाजी से जुड़े डिजिटल सबूत भी मिले हैं, जिनके आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है. एसीपी पराग सैनी का कहना है कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा है. इनके पास से नकदी, मोबाइल और वाहन जब्त किए गए हैं. मोबाइल डेटा के आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है. फिलहाल आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है, वहीं इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है.



# भाई की मौत की खबर सुनते ही थम गईं बहन की सांसें

- सदमे से महिला को आया हार्ट अटैक, हो गई मौत

इंदौर. सदर बाजार क्षेत्र में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. यहां एक महिला को अपने भाई की मौत की खबर मिली, जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर सकी. सदमे के चलते महिला को भी हार्ट अटैक आया और देखते ही देखते परिवार के दो सदस्य काल के गाल में समा गए.

मृतका का नाम रंजना पति अनिल उम्र 45 साल, निवासी सदर बाजार है. पड़ौसी विकास ने बताया कि रंजना के भाई का निधन हो गया था. जैसे ही रंजना को यह सूचना मिली, वह गहरे सदमे में चली गई. भाई को खोने का गम उसे अंदर तक तोड़ गया और अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. रंजना की हालत बिगड़ते देख परिजन और पड़ोसी उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले भागे. लेकिन, दुखद यह रहा कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रंजना ने दम तोड़ दिया. चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों का मानना है कि रंजना को भाई की मौत के सदमे के कारण अचानक दिल का दौरा पड़ा, जो जानलेवा साबित हुआ. रंजना के पति अनिल नगर निगम में मस्टरकर्मी के पद पर कार्यरत हैं.

# चलती कार में लगी आग, परिवार ने कूदकर बचाई जान

**इंदौर. बांबे हॉस्पिटल के पास शुक्रवार रात चलती कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. कार में सवार परिवार ने समय रहते बाहर निकलकर जान बचाई, वहीं राहगीरों और एक पानी के टैंकर की मदद से आग पर काबू पाया गया.**

घटना रेडिसन होटल से बांबे हॉस्पिटल जाने वाले मार्ग की बताई जा रही है. कार में मालिक के साथ उनकी बुजुर्ग मां, पत्नी और बेटी मौजूद थीं. अचानक कार के अगले हिस्से से धुआं और लपटें उठने लगीं, जिसके बाद आसपास के लोगों ने तुरंत सभी को बाहर निकालने में मदद की. इसी दौरान मौके से गुजर रहे पानी के टैंकर ने आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई. टैंकर से लगातार पानी डालकर आग को फैलने से रोका गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो कार पूरी तरह जल सकती थी और आसपास मौजूद लोगों के लिए भी खतरा बढ़ जाता.



### सीएनजी किट में शार्ट सर्किट की आशंका

घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ. इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार के अगले हिस्से में आग की तेज लपटें उठती दिख रही हैं और आसपास खड़े लोग मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं. पुलिस के मुताबिक कार में सीएनजी किट लगी थी और शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## ड्यूटी के दौरान आया अटैक, कचरा गाड़ी ड्राइवर की मौत

**इंदौर.** मूसाखेड़ी इलाके में कचरा गाड़ी चलाने वाले 55 वर्षीय ड्राइवर को अचानक सीने में तेज दर्द उठा और देखते ही देखते उन्होंने दम तोड़ दिया. मृतक का नाम लक्ष्मीकांत उम्र 55 वर्ष निवासी विजय नगर है. लक्ष्मीकांत नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ी के ड्राइवर थे. कल वे अपनी नियमित ड्यूटी पर मूसाखेड़ी क्षेत्र में कचरे का कलेक्शन कर रहे थे. इसी दौरान अचानक उन्हें सीने में जोरदार दर्द महसूस हुआ. सहकर्मियों और राहगीरों ने लक्ष्मीकांत को अचानक गिरते और दर्द से कराहते हुए देखा तो वे तुरंत मदद के लिए दौड़े. उन्हें आनन फानन में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पचिकित्सकों का अनुमान है कि मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है.

# भोजशाला विवाद में नया मोड़ : सुनवाई सोमवार तक टली

- हाईकोर्ट में दायर हुआ नया सिविल सूट

**इंदौर. धार भोजशाला परिसर से जुड़े बहुचर्चित विवाद में शनिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने नया सिविल सूट दायर कर मामला और गहरा कर दिया. समयाभाव के चलते सुनवाई अधूरी रही, अब अगली सुनवाई सोमवार को होगी.**

डबल बेंच के समक्ष हुई सुनवाई में कमाल मौला मस्जिद कमेटी की ओर से एडवोकेट अशहर वारसी ने पैरवी करते हुए भूमि के टाइटल, कब्जे और धार्मिक अधिकारों को लेकर विस्तृत पक्ष रखा. साथ ही सिविल सूट की मेंटेनेबिलिटी यानी उसकी कानूनी स्वीकार्यता का मुद्दा भी कोर्ट के सामने उठाया गया. मामले में एडवोकेट पूर्वी असाटी ने बताया कि कई अहम बिंदुओं पर अभी बहस बाकी है, जिन्हें अगली सुनवाई में विस्तार से रखा जाएगा. सोमवार को मुस्लिम पक्ष सिविल सूट की आवश्यकता, उसके कानूनी आधार और धार्मिक अधिकारों से जुड़े तर्क पेश करेगा. इधर, इसी विवाद से जुड़ा एक सिविल मामला धार जिला कोर्ट में पहले से लंबित है, जिस पर 10 मई को सुनवाई तय है. भूमि संबंधी मामलों में जिला अदालत का अधिकार क्षेत्र होने के कारण यह पहलू भी अहम बना हुआ है. भोजशाला विवाद पहले से ही संवेदनशील माना जाता रहा है. अब हाईकोर्ट में नए सिविल सूट की एंट्री के बाद इस मामले की सुनवाई और व्यापक होने के संकेत मिल रहे हैं.



## एक नजर में

### रोड किनारे मिला तेंदुए का शावक, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**महू.** नाहरखेड़ा गांव के पास सड़क किनारे तेंदुए का एक शावक मिला. वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने शावक को देखकर तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही महू वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. टीम ने सावधानीपूर्वक शावक का रेस्क्यू किया और उसे अपने कार्यालय ले आई. रेंजर नयन कुमार ने बताया कि शावक काफी छोटा है. उसे फिलहाल दूध-पानी पिलाकर सुरक्षित रखा गया है और उसकी प्राथमिक देखभाल की जा रही है. प्राथमिक उपचार के बाद शावक को आगे के उपचार और संरक्षण के लिए इंदौर के चिड़ियाघर संग्रहालय भेजा जाएगा. वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे मामलों में वन्यजीवों के करीब न जाएं और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें.

### गैंगरेप के आरोपियों की कोर्ट में वकीलों ने की पिटाई



**महू.** महू के पास बेरछा के जंगल में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस शुक्रवार को जब उन्हें महू कोर्ट में पेशी के लिए लाई, तो वहां मौजूद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा. वकीलों ने पुलिस कस्टडी में ही आरोपियों की जमकर धुनाई कर दी, जिससे कोर्ट परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी मच गई. जैसे ही पुलिस टीम दोनों आरोपियों को लेकर कोर्ट पहुंची, वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी. मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत दखल दिया और वकीलों के चंगुल से आरोपियों को बमुश्किल छुड़ाकर सुरक्षित कोर्ट रूम के भीतर ले गए. इस घटना ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.

### विस्तारित किया जा रहा कांग्रेस का टैलेंट हंट-2026





**महू.** देश और प्रदेश स्तर पर टैलेंट हंट कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब कांग्रेस इस मुहिम को प्रत्येक जिले तक विस्तारित किया जा रहा है. इसी क्रम में इसकी शुरुआत इंदौर से की जा रही है, जहां युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का सुनहरा अवसर मिलेगा. इंदौर जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित टैलेंट हंट 2026 एक ऐसा मंच है, जहां युवा अपनी वाणी, विचार और डिजिटल कौशल के माध्यम से अपनी पहचान बना सकेंगे. इस पहल का उद्देश्य नए और उभरते हुए वक्ताओं, रिसर्चर्स और सोशल मीडिया टैलेंट को सामने लाना है, ताकि उन्हें संगठन और राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके. यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए है, जो खुलकर अपनी बात रखना चाहते हैं, जिनके पास मजबूत विचार हैं और जो सोशल मीडिया के माध्यम से समाज और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं. इस संदर्भ में टैलेंट हंट के प्रदेश प्रभारी अपूर्व भारद्वाज ने प्रेस वार्ता जानकारी दी गई. उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, चयन प्रक्रिया और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी साझा की. उन्होंने जिले के सभी युवाओं से इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया. इस दौरान सह प्रभारी सुमित सेठ, संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. दौलत पटेल, केंटोलमेंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे, कांग्रेस नेता अमित अग्रवाल, विजय नौलक्खा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल, प्रदेश सचिव सद्दाम पटेल, राजकुमार बागड़ी, मोहन अग्रवाल, सेवादल अध्यक्ष साकिर ख़ान, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलअमन खान, शुभम जैन, विक्की कौशल आदि उपस्थित थे.

# शराब लेने गया, बाहर रखा 4 लाख नकद भरा बैग ले उड़े बदमाश

- चेकबुक-डॉक्यूमेंट भी रखे थे बैग में
- बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में वाइन शॉप के बाहर स्कूटी पर रखा बैग चोरी हो गया. बैग में करीब 4 लाख रुपए नकद के साथ चेकबुक और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

फरियादी हरेराम अटेरे निवासी राजनगर एक्सटेंशन ने पुलिस को बताया कि वह सुजुकी स्कूटी एमपी 09 डीएल 3899 से जा रहे थे. एमओजी वाइन शॉप के सामने स्कूटी खड़ी कर वे कुछ मिनट के लिए अंदर गए थे. इसी दौरान हैंडल पर रखा काले रंग का बैग कोई उठा ले गया. बैग में 4 लाख रुपए नकद के अलावा यूको बैंक की चेकबुक, क्रेडिट कार्ड, मकान के नोटरी पेपर्स और व्यवसाय से जुड़े जरूरी दस्तावेज रखे थे, बाहर आकर देखा तो बैग गायब था. आसपास पूछताछ के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला.

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके.

# चिप्स फैक्ट्री में बॉयलर फटा, धमाके में बालक सहित दो घायल

- महू के कोदरिया गांव में हादसा, पुलिस ने कारखाना सील किया

**इंदौर/महू. कोदरिया गांव स्थित एक चिप्स फैक्ट्री में शुक्रवार रात बॉयलर फटने से जोरदार धमाका हो गया. हादसे में 12 वर्षीय बालक समेत दो लोग घायल हुए हैं. घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार रात के समय फैक्ट्री में आलू चिप्स बनाने का काम चल रहा था. इसी दौरान तकनीकी खराबी के चलते बॉयलर अचानक फट गया. धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग घबरा गए. विस्फोट की चपेट में आने से 12 वर्षीय शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया. उसकी हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया है. वहीं एक महिला भी घायल हुई है, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.



# स्टेट बार चुनाव : 119 उम्मीदवार मैदान में, इंदौर से 22 दावेदार

- 12 मई को मतदान, 86 हजार वकील करेंगे वोटिंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मप्र स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए 119 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है. 25 सदस्यों के लिए होने वाले इस चुनाव में इंदौर से 22 वकील चुनाव मैदान में हैं. नामांकन जांच के बाद 19 फार्म निरस्त किए गए हैं, जबकि 12 मई को मतदान होगा.**

निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति सुशीलकुमार पालो द्वारा नामांकन पत्रों की जांच के बाद सूची जारी की गई. इसमें कुल 138 आवेदन आए थे, जिनमें से 19 विभिन्न कारणों से खारिज कर दिए गए. इंदौर से मैदान में उतरे 22 वकीलों में चार महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं. इंदौर से चुनाव लड़ने वालों में स्टेट बार के मौजूदा सदस्य सुनील गुप्ता, हितोषी जय हार्डिया, विवेक सिंह, नरेंद्रकुमार जैन और खिलाड़ीलाल गनगौरे फिर से किस्मत आजमा रहे हैं. वहीं, सुरेंद्रकुमार वर्मा (पूर्व बार अध्यक्ष), निमेष पाठक, तनुज दीक्षित, राकेशसिंह भदौरिया, अखिलेशकुमार सक्सेना, विनोद द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, चंद्रप्रकाश पुरोहित, राजेंद्र सिंह, कन्हैयालाल यादव, शेख अलीम, प्रीति तिवारी, प्रतिभा वालिया, नूरजहां खान, रेखा बोरवेल, शादाब खान और मोहम्मद शब्बीर खान भी मैदान में हैं.

### चिलचिलाती धूप में 55 जिलों में वोट मांग रहे प्रत्याशी

यह चुनाव प्रत्याशियों के लिए आसान नहीं माना जा रहा. प्रदेश के 55 जिलों में फैले करीब 270 बार एसोसिएशन तक पहुंचकर भीषण गर्मी में उम्मीदवारों को वोट मांगना पड़ रहा है. करीब 86 हजार वकील मतदाता हैं, जिनसे संपर्क करना किसी विधानसभा या लोकसभा चुनाव से कम चुनौती नहीं होती है. नाम वापसी की अंतिम तारीख 20 से 22 अप्रैल शाम 4 बजे तक तय की गई है. इसके बाद 22 अप्रैल को शाम 5 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी. 12 मई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 16 मई को प्रस्तावित है.





# सोशल मीडिया पर बंदूक लहराना पड़ा भारी, दो भाइयों पर केस

- इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोशल मीडिया पर बंदूक दिखाकर दहशत फैलाना दो भाइयों को भारी पड़ गया. वायरल वीडियो के आधार पर सदर बाजार पुलिस ने आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर दोनों को पकड़ लिया.**

पुलिस के मुताबिक, इंस्टाग्राम आईडी फारू लाला से एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक कार में बैठकर 12 बोर की बंदूक लहराते हुए नजर आ रहा था और धमकी भरे अंदाज में बात कर रहा था. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की. जांच में युवक की पहचान फरदीन के रूप में हुई, जो अपने भाई सलमान के नाम पर लाइसेंसी 12 बोर बंदूक का सार्वजनिक प्रदर्शन कर रहा था. पुलिस के अनुसार लाइसेंस किसी और के नाम होने के बावजूद दूसरे व्यक्ति द्वारा इस तरह हथियार दिखाना नियमों का उल्लंघन है. कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फरदीन और सलमान निवासी जूनापीठा के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस हिरासत में लेने के बाद आरोपी माफी मांगते नजर आए.

**एक नजर में** आदतन अपराधियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, कई गंभीर मामलों में लिप्त हैं ये बदमाश

# 16 बदमाशों पर पुलिस की सख्ती, 5 जिलाबदर, 11 को थाना हाजिरी के आदेश



नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अपराध और बदमाशों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने 16 आदतन बदमाशों पर कार्रवाई की है. पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 5 कुख्यात आरोपियों को 3 से 6 माह के लिए जिलाबदर कर इंदौर शहर, देहात और सीमावर्ती जिलों की सीमा से बाहर किया है, जबकि 11 अन्य को 6 माह से 1 साल तक के लिए रोजाना थाने में हाजिरी लगाने, किसी भी तरह का गलत काम नहीं करने और इलाके की शांति भंग नहीं करने की शर्तों के साथ पाबंद किया है. कमिश्नर कार्यालय ने सख्ती दिखाते हुए शहर में लगातार आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय बदमाशों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में संबंधित जोन के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर इन बदमाशों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए. कमिश्नर का कहना है कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में गंभीर धाराओं में कई प्रकरण दर्ज हैं. कार्रवाई के बावजूद इनके व्यवहार में सुधार नहीं आ रहा था और ये लगातार क्षेत्र में अपराध कर शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे थे.

**ये बदमाश किए गए जिलाबदर:** जिन 5 बदमाशों को जिलाबदर किया है, उनमें दीपक तिवारी (हीरानगर), विकास उर्फ बड़े राठौर (एमआईजी), प्रेम उर्फ कमल महावर (अन्नपूर्णा), सत्यम उर्फ कर्तव्य मराठा (एरोड्रम) और नीरज तिवारी (हीरानगर) शामिल हैं. इन्हें तय अवधि के लिए इंदौर जिले और उससे लगे सीमावर्ती जिलों की सीमाओं में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया है.

### इन बदमाशों को थाना हाजिरी के आदेश

11 अन्य बदमाशों जावेद खान (गांधीनगर), वसीम उर्फ गुड्डू (एमजी रोड), संतोष बैरागी (एरोड्रम), धरम उर्फ थाणे (एरोड्रम), हर्ष उर्फ भय्यु (परदेशीपुरा), महेंद्र जीनवाल (परदेशीपुरा), दिनेश गतिया (परदेशीपुरा), सौरभ जाट (परदेशीपुरा), सागर उर्फ सापली (राजेंद्र नगर), पुष्पराज यादव (खजराना) और गौरव काले (गांधीनगर) को निर्बंधन आदेश के तहत पाबंद किया है. इन सभी को तय अवधि में रोजाना संबंधित थाने में हाजिरी देना अनिवार्य होगा. साथ ही किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होने और क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है. आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित बदमाशों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी.